भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3383**
उत्तर देने की तारीख-16/12/2024

**केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना**

†3383. **श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:**
**श्री हरीश चंद्र मीनाः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) तेलंगाना और राजस्थान में केन्द्रीय विद्यालयों (केवी) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जेएनवी) में स्थापित स्मार्ट कक्षाओं का राज्यवार/जिलावार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान ऐसी स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए राज्यवार, विशेषकर राजस्थान में, कितनी निधि आवंटित की गई;
(ग) राजस्थान में, विशेषकर टोंक और सवाई माधोपुर जिलों में कितने केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय स्मार्ट कक्षा प्रणाली से लैस हैं;
(घ) क्या सरकार ने छात्रों के लिए इन उपकरणों के लाभों और विद्यालयों में उनकी आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) तेलंगाना और राजस्थान में केन्द्रीय विद्यालयों (केवि) और जवाहर नवोदय विद्यालयों (जनवि) में स्थापित स्मार्ट कक्षाओं का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्रमशः अनुलग्नक-I और अनुलग्नक-II में दिया गया है।
(ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविस) को प्रत्येक वर्ष तीन अलग-अलग लेखा शीर्षों अर्थात वेतन, सामान्य और पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने और उनके संचालन हेतु अनुदान के रूप में बजटीय सहायता प्रदान की जाती है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति को राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियां आबंटित नहीं की जाती हैं। विगत पांच वित्तीय वर्षों और चालू वर्ष के दौरान केविसं और नविस को आवंटित निधियां निम्नानुसार हैं: -

**(रु. करोड़ में)**

(ग)

| **वर्ष** | **केविसं को आबंटित निधियां** | **नविस को आबंटित निधियां** |
|---|---:|---:|
| 2019-20 | 6331.40 | 3387.60 |
| 2020-21 | 6437.68 | 3480.00 |
| 2021-22 | 6800.00 | 3740.00 |
| 2022-23 | 7461.25 | 4920.30 |
| 2023-24 | 8500.00 | 5470.00 |
| 2024-25 (ब.अ.) | 9302.67 | 5800.00 |

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) और नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान में 77 केवि और 35 जनवि स्मार्ट कक्षा पद्धति से सुसज्जित हैं, जिनमें टोंक (03 केवि और 01 जनवि) और सवाई माधोपुर (01 केवि और 01 जनवि) जिलों के सभी केवि और जनवि शामिल हैं।

(घ) और (ङ) राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार शिक्षा को अधिक संवादात्मक और आकर्षक बनाने के लिए केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं (ई-कक्षाओं) के उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है जो नए स्कूल खोलने, उच्चतर कक्षाओं में वृद्धि, निधियों की उपलब्धता, इंटरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**माननीय संसद सदस्यों श्री वामसि कृष्णा गद्दाम व श्री हरीश चंद्र मीना द्वारा 'केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना' के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3383 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**राजस्थान और तेलंगाना राज्य में स्मार्ट कक्षाओं (ई-क्लासरूम) से सुसज्जित केन्द्रीय विद्यालयों का जिले-वार विवरण**

| **क्र.सं.** | **राजस्थान में केवि वाले जिले का नाम** | **स्मार्ट कक्षाओं की संख्या** | **क्र.सं.** | **तेलंगाना में केवि वाले जिले का नाम** | **स्मार्ट कक्षाओं की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अजमेर | 54 | 1 | मेडचल-मलकजगिरी | 244 |
| 2. | अलवर | 17 | 2 | हैदराबाद | 103 |
| 3. | श्री गंगानगर | 108 | 3 | रंगा रेड्डी | 41 |
| 4. | बारां | 30 | 4 | पेद्दापल्ली | 19 |
| **5.** | **टोंक** | **27** | 5 | संगारेड्डी | 16 |
| 6. | बांसवाड़ा | 16 | 6 | हनमाकोंडा | 11 |
| 7. | भरतपुर | 14 | 7 | खम्मम | 12 |
| 8. | भीलवाड़ा | 15 | 8 | महबूबनगर | 20 |
| 9. | बीकानेर | 68 | 9 | आदिलाबाद | 07 |
| 10. | चुरू | 14 | 10 | नलगोंडा | 25 |
| 11. | जैसलमेर | 67 | 11 | करीमनगर | 05 |
| 12. | जयपुर | 100 | 12 | महबूबाबाद | 07 |
| 13. | बाड़मेर | 60 | 13 | निजामाबाद | 15 |
| 14. | झालावाड़ | 16 | 14 | राजन्ना सिरसिला | 01 |
| 15. | झुंझुनू | 28 | 15 | मंचेरियल | 03 |
| 16. | जोधपुर | 82 | 16 | यदाद्रि भुवनागिरी | 02 |
| 17. | कोटा | 16 | 17 | सिद्दीपेट | 02 |
| 18. | सिरोही | 09 | | **कुल** | **533** |
| 19. | सीकर | 15 | | | |
| **20.** | **सवाई माधोपुर** | **15** | | | |
| 21. | उदयपुर | 55 | | | |
| 22. | गंगापुर शहर | 17 | | | |
| 23. | करौली | 16 | | | |
| 24. | डूंगरपुर | 05 | | | |
| 25. | चित्तौड़गढ़ | 05 | | | |
| 26. | राजसमंद | 03 | | | |
| 27. | जालोर | 03 | | | |
| 28. | बूंदी | 12 | | | |
| 29. | दौसा | 03 | | | |
| 30. | हनुमानगढ़ | 02 | | | |
| 31. | नागौर | 06 | | | |
| 32. | धौलपुर | 04 | | | |
| 33. | पाली | 01 | | | |
| 34. | प्रतापगढ़ | 01 | | | |
| | **कुल** | **904** | | | |

*****

**अनुलग्नक-II**

**माननीय संसद सदस्यों श्री वामसि कृष्णा गद्दाम व श्री हरीश चंद्र मीना द्वारा 'केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना' के संबंध में दिनांक 16.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3383 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**राजस्थान और तेलंगाना राज्य में स्मार्ट कक्षाओं (ई-क्लासरूम) से सुसज्जित जवाहर नवोदय विद्यालयों का जिले-वार विवरण**

| **क्र.सं.** | **राजस्थान में जनवि वाले जिले का नाम** | **स्मार्ट कक्षाओं की संख्या** | **क्र.सं.** | **तेलंगाना में केवि वाले जिले का नाम** | **स्मार्ट कक्षाओं की संख्या** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अजमेर | 03 | 1 | कुमुराम भीम आसिफाबाद | 05 |
| 2. | अलवर | 13 | 2 | करीमनगर | 03 |
| 3. | बांसवाड़ा | 14 | 3 | खम्मम | 04 |
| 4. | बारां | 03 | 4 | नगर कुरनूल (पहले महबूबनगर) | 04 |
| 5. | बाड़मेर | 03 | 5 | सिद्दिपेट (पहले मेडक) | 02 |
| 6. | भरतपुर | 04 | 6 | नलगोंडा | 04 |
| 7. | भीलवाड़ा | 05 | 7 | कामारेड्डी (पहले निजामाबाद) | 04 |
| 8. | बीकानेर | 03 | 8 | रंगा रेड्डी | 04 |
| 9. | बूंदी | 04 | 9 | वारंगल | 03 |
| 10. | चित्तौड़गढ़ | 04 | | **कुल** | **33** |
| 11. | चुरू | 14 | | | |
| 12. | दौसा | 03 | | | |
| 13. | धौलपुर | 04 | | | |
| 14. | डूंगरपुर | 04 | | | |
| 15. | हनुमानगढ़ | 04 | | | |
| 16. | जयपुर | 03 | | | |
| 17. | जैसलमेर | 04 | | | |
| 18. | जालौर | 02 | | | |
| 19. | झालावाड़ | 04 | | | |
| 20. | झुंझुनू | 03 | | | |
| 21. | जोधपुर | 02 | | | |
| 22. | करौली | 04 | | | |
| 23. | कोटा | 03 | | | |
| 24. | नागौर | 04 | | | |
| 25. | पाली | 04 | | | |
| 26. | प्रतापगढ़ | 03 | | | |
| 27. | राजसमंद | 03 | | | |
| 28. | **सवाई माधोपुर** | **14** | | | |
| 29. | सीकर | 03 | | | |
| 30. | सिरोही | 04 | | | |
| 31. | श्री गंगानगर | 06 | | | |
| 32. | **टोंक** | **14** | | | |
| 33. | उदयपुर | 04 | | | |
| | **कुल** | **169** | | | |

*****